# साहित्य अकादेमी की महत्तर सदस्यता विनोद कुमार शुक्ल को अर्पित

**वैभव न्यूज ■ नई दिल्ली**



साहित्य अकादेमी ने अपने सर्वोच्च सम्मान महत्तर सदस्यता से हिंदी के कवि एवं कथाकार विनोद कुमार शुक्ल को अलंकृत किया। स्वास्थ्य कारणों के चलते यह संक्षिप्त अलंकरण कार्यक्रम उनके रायपुर स्थित आवास पर किया गया। यह अलंकरण साहित्य अकादेमी के अध्यक्ष माधव कौशिक और सचिव के. श्रीनिवासराव द्वारा प्रदान किया गया। अलंकरण प्राप्त करने के बाद विनोद कुमार शुक्ल ने कहा कि इस सम्मान को मेरे घर आकर देने के लिए वे साहित्य अकादेमी का आभार प्रकट करते हैं। उन्होंने कभी उम्मीद नहीं की थी कि इतना बड़ा सम्मान उन्हें प्राप्त होगा। अभी तक यह सदस्यता जिन महत्तवपूर्ण लेखकों को मिली है उनके बीच अपने को पाकर मैं बहुत खुश हूं। इस अवसर पर उन्होंने अपनी दो कविताओं का पाठ भी किया। साहित्य अकादेमी के अध्यक्ष माधव कौशिक ने कहा कि यह स्वयं को गौरवान्वित महसूस होने का दुर्लभ अवसर है क्योंकि शुक्ल को सम्मानित करके अकादेमी भी अपने आप को सम्मानित कर रही है। आगे उन्होंने कहा कि शुक्ल का लेखन इतना व्यापक और उत्कृष्ट है कि आने वाली पीढ़ियों इससे हमेशा प्रोत्साहित होती रहेंगी । सचिव के. श्रीनिवासराव ने उनके सम्मान में प्रशस्ति पाठ करते हुए कहा कि विनोद कुमार शुल्क कविता और गल्प का अद्भुत संयोग रचने वाले सर्जक हैं । उनकी रचनाएं किसी स्मृति के आख्यान सी मृदुल और झिलमिल करती हुई होती हैं जिन्हें पढ़कर एक बिलक्षण शांति को महसूस करने का सुख प्राप्त होता है। इस नाते विनोद कुमार शुक्ल हमारे समय के सर्वश्रेष्ठ लेखकों में शुमार किए जाते हैं।